हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार, 29 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 27.7 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री

12 युवती का पीछा करने वाले आरेपितों के सिर मुंडवाए, सरे बाजार करवाई परेड



12 वैश्विक पहल विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक



## खबर संक्षेप

### एचकेआरएन पोर्टल से 60 कर्मियों की सूची गायब

**अंबाला।** हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) के पोर्टल से आई तकनीकी खराबी ने जिले के 60 कर्मचारियों की चिंता बढ़ा दी है। चार से पांच सालों तक जिलाभर के नागरिक अस्पतालों में कार्यरत इन कर्मचारियों का अचानक पोर्टल से नाम ही गायब हो गया है। स्थिति यह बन गई है कि पिछले डेढ़ माह से कर्मचारियों को वेतन ही नहीं मिला। इसके साथ-साथ कर्मचारियों को रोजगार छीन जाने का भी डर सताने लगा है। इन कर्मचारियों में सिक्योरिटी गार्ड से लेकर चतुर्थी श्रेणी कर्मचारी शामिल है। कुछ एक डाटा ऑपरेटर भी है। पिछले 15 दिन से यह कर्मचारी पोर्टल में सुधार के लिए पीएमओ तो कभी सीएमओ कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं बावजूद अभी तक कोई समाधान नहीं हो पाया है।

### जुर्माने के बाद अब महिला किसान के खिलाफ केस दर्ज

**अंबाला।** खेत में धान के अवशेषों में आग लगाने का जिले में पहला मामला सामने आया है। केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड की टीम ने हल्दरी गांव में निरीक्षण कर इस मामले का खुलासा 26 अक्तूबर किया था। उस समय टीम ने मौके पर ही खेत मालिक को बुलाकर फानों में लगी आग को बुझवा दिया था। साथ ही करीब पांच हजार रुपये जुर्माना भी लगाया था। केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड की टीम ने निकिता ग्रोवर की अगुवाई में दबिश दी थी। उपायुक्त के जरिये कार्रवाई की यह रिपोर्ट कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के पास पहुंची तो साहा कृषि विभाग के कर्मचारी अश्वनी कुमार की शिकायत पर महिला किसान विमला देवी पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

### दुकान से नगदी व सामान चोरी

**पानीपत।** पानीपत के चौड़ा बाजार में अज्ञात चोरों ने कैलाश कॉस्मेटिक दुकान के ताला तोड़कर नकदी और सामान चोरी कर लिया। दुकान संचालक गौरव ने बताया कि चोरी की इस घटना से उनका करीब डेढ लाख रूपये का नुकसान हुआ है। वहीं, गौरव की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात लोगों पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चोरी करने वाले सगे भाई पकड़े

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने नूरवाला अड्डे पर नूरवाला अड्डे पर भगवती डेरी सुपर स्टोर में चोरी करने वाले दो सगे भाइयों सन्नी व दीपक उर्फ दीपू निवासी हरि सिंह कालोनी को गिरफ्तार किया है। थानेदार सुमित ने बताया कि चोरी के इस मामले में थाना तहसील कैंप में हुडा सेक्टर 13/17 निवासी लविश पुत्र वेद प्रकाश की शिकायत पर केस दर्ज है।



कुरुक्षेत्र। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में पर्यटकों का मनोरंजन करते बाजीगर। 28केयूके15



कुरुक्षेत्र। महोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार।



कुरुक्षेत्र। हरियाणा पैवेलियन में प्रस्तुति देता कलाकार।

# विभिन्न प्रदेशों से आए कलाकारों और शिल्पकारों की कला ने ब्रह्मसरोवर तट को बनाया इंद्रधनुष

## शिल्पकारों के हाथों की अनोखी हस्त शिल्पकला को देखकर मंत्रमुग्ध हुए पर्यटक

तरुण वधवा ▶▶| कुरुक्षेत्र

ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर 15 नवंबर से 5 दिसंबर 2025 तक चल रहे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में विभिन्न प्रदेशों से आए कलाकारों और शिल्पकारों ने इस महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के तटों को इंद्रधनुष की तरह सजाने का काम किया है। इंद्रधनुष के सातों रंगों की तरह ब्रह्मसरोवर के तट पर भी अलग-अलग रंग देखे जा सकते है। इन रंगों कर चमक देश के साथ-साथ विदेश में देखी जा सकती है। महोत्सव में विभिन्न प्रदेशों से आए कलाकारों द्वारा अपने-अपने प्रदेशों की लोक संस्कृति को इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर दिखाकर अपनी एक अलग पहचान बनाई है। इतना ही नहीं दूर दराज से आने वाले पर्यटकों ने भी दूसरे प्रदेशों की संस्कृतिक कला की सराहना की है। पार्टनर राज्य मध्य प्रदेश और एनजेडसीसी के कलाकारों द्वारा अपने-अपने प्रदेशों की लोक संस्कृति को दिखाने का काम किया है। इन लोक कलाकारों के नृत्यों के साथ-साथ ढोल की थाप और नगाड़ों पर पर्यटक झूम-झूम कर नाचते नजर आए। ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर 15 नवंबर से 5 दिसंबर 2025 तक चल रहे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव ने विश्व पटल पर अपनी एक अलग छाप छोड़ी है, महोत्सव की यह गूंज प्रदेश ही नहीं बल्कि देश विदेश में भी सुनाई दे रही है। महोत्सव के इन यादगार पलों को सभी पर्यटक अपने-अपने कैमरों में कैद करते नजर आ रहे है। इतना ही नहीं अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में विभिन्न प्रदेशों से आए शिल्पकारों की हाथों की अनोखी शिल्प कला को देखकर पर्यटक मंत्र मुग्ध हो रहे है। शिल्पकारों की हाथों की जादूगरी और ऐसी अनोखी हस्तशिल्प कला ने इस अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव में चार चांद लगाने का काम किया है, महोत्सव में आने वाला प्रत्येक पर्यटक इन शिल्पकारों की जमकर प्रशंसा करता नजर आ रहा है और लोग इन शिल्पकारों द्वारा बनाई गई वस्तुओं को जमकर खरीद रहे है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव इन शिल्पकारों की जादुई शिल्पकला को अंतरराष्ट्रीय मंच पर दिखाने के लिए एक बड़ा मंच साबित हुआ है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में विभिन्न प्रदेशों के लोक कलाकारों ने अपने-अपने प्रदेश की लोक कला को अनोखे तरीके से दिखाने का काम किया है। पर्यटक ढोल नगाड़ों की थाप पर थिरकते नजर आ रहे है। शिल्पकारों की हस्त शिल्पकला और लोक संस्कृति का अनोखा संगम महोत्सव में एक अलग ही रंग भरने का काम किया है। कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड और जिला प्रशासन द्वारा इन शिल्पकारों और लोक कलाकारों के साथ-साथ महोत्सव में आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए गए है। इतना ही नहीं सूचना जनसंपर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा महोत्सव के प्रचार-प्रसार के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।



कुरुक्षेत्र। महोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते सिख कलाकार।

### श्रीगुरु तेग बहादुर जी महाराज के जन्म से लेकर शहादत तक के जीवन के हर लम्हे को दिखाया प्रदर्शनी में



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की पावन धरा ज्योतिसर में श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज के जन्म से लेकर शहादत तक के सफर के हर लम्हे को दिखाया गया है। यह पहला ऐसा अवसर है, जब किसी प्रदर्शनी में श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज के जन्म पर, शास्त्र और शस्त्र विद्या पर बारीकी से प्रकाश डाला गया है। यह प्रदर्शनी सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की तरफ से श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष को समर्पित की गई है। इस प्रदर्शनी को रोजाना सैकड़ों लोग देखने के लिए ज्योतिसर पहुंच रहे है। श्रीगुरु तेग बहादुर जी महाराज के 350वें शहीदी वर्ष को समर्पित राज्यस्तरीय प्रदर्शनी को ज्योतिसर की धरा पर लगाना एक सराहनीय प्रयास है। गांव ज्योतिसर में राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का अवलोकन करने के लिए शुक्रवार को भाजपा के जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी के साथ-साथ विभिन्न स्कूलों के सैंकड़ों विद्यार्थी पहुंचे। इन विद्यार्थियों को जहां पंजाबी के शिक्षक गुरतेज सिंह सहित अन्य शिक्षक श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज के जन्म से लेकर शहादत तक के सफर को विस्तार से बता रहे है ताकि युवा पीढ़ी को गुरु महाराज के बलिदान के बारे में जानकारी हो सके।

### पत्थर के चूरे को शिल्पकला से दिया भगवान श्रीकृष्ण का स्वरूप



**कुरुक्षेत्र।** पत्थर के चूरे को शिल्पकला से भगवान श्रीकृष्ण, गौतम बुद्ध सहित अन्य महान लोगों का स्वरुप दिया गया है। इस शिल्पकला से प्रभावित होकर राजस्थान सरकार ने शिल्पकार सुधीर और वर्षा को स्टेट अवार्ड से सम्मानित किया। इन दोनों शिल्पकारों ने समय की मांग के अनुसार पत्थर के चूरे से मूर्तियों के साथ-साथ अब पेंटिंग बनाने का भी कार्य शुरू किया है। अहम पहलू यह है कि इस मुकाम तक पहुंचने में प्रधानमंत्री रोजगार योजना ने अहम भूमिका अदा की है। इस योजना से शिल्पकारों को आर्थिक सहायता मिल पाई और इस आर्थिक सहायता के बल पर ही अपनी मंजिल तक पहुंच पाए है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 में स्टॉल नंबर 82 पर राजस्थान के अजमेर जिले से शिल्पकार सुधीर और वर्षा ने स्टोन ग्रोईंग की शिल्पकला को रखा है। उन्होंने बातचीत करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव से पिछले 17 सालों से नाता रहा है, यहां की आबो हवा और व्यवस्था उन्हें बेहद पसंद है। इसलिए अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में पर्यटकों के लिए कुछ ना कुछ नई शिल्पकला के साथ पहुंचते है। इस वर्ष 5डी पेंटिंग तैयार करके लाए है। इस पेंटिंग को देखने से ऐसा महसूस होता है कि जैसे कोई भी दृश्य एक दम उनके सामने खड़ा हो। इस पेंटिंग्स को पर्यटक काफी पसंद कर रहे है और इस पेंटिंग की कीमत महज 300 रुपए से 2 हजार रुपए तय की है।

### सरकार की उपलब्धियों व योजनाओं को प्रदर्शित कर रही है राज्य स्तरीय प्रदर्शनी



**कुरुक्षेत्र।** जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डा. नरेन्द्र सिंह ने कहा कि ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में जहां पर अलग-अलग प्रदेशों से आए हुए शिल्पकार अपनी हस्त शिल्प कला से महोत्सव में आने वाले पर्यटकों को मंत्रमुग्ध किया हुआ है, वहीं सूचना जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग की राज्य स्तरीय प्रदर्शनी ने इस अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के पटल पर अपनी एक अलग पहचान बनाई हुई है। डीआईपीआरओ डा. नरेन्द्र सिंह ने कहा कि ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग द्वारा लगाई गई इस राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में प्रदेश सरकार की तरफ से विभिन्न विभागों द्वारा अलग-अलग स्टॉल लगाए गए है।

### कूची-गुड़ी नृत्य से कर रहे पर्यटकों का स्वागत

**कुरुक्षेत्र।** धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र के पावन ब्रह्मसरोवर के घाटों पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव मे राजस्थान से आए कलाकारों द्वारा कूची-गुड़ी नृत्य से पर्यटकों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया जा रहा है। पर्यटक न केवल इन कलाकारों के साथ नृत्य करके आनंद ले रहे हैं, बल्कि इस प्राचीन नृत्य शैली के माध्यम से राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी करीब से जानने का मौका पा रहे है। कलाकार समूह के प्रमुख रामप्रसाद शर्मा ने बताया कि उनके दल में आठ सदस्य हैं। वे राजस्थान के जयपुर से आए है।

## लाइन पर काम करते समय निगम के सहायक लाइनमैन को लगा करंट, पीजीआई रैफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

व्यासपुर सब डिवीजन के अंतर्गत मारवा फीडर पर सनौड़ गांव के पास लाइन पर काम करते समय बिजली निगम के सहायक लाइनमैन को करंट लग गया। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई रैफर कर दिया। जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार जिला फतेहाबाद के गांव अलालावास निवासी संदीप कुमार दो वर्ष पहले बिजली विभाग में एएलएम के पद पर भर्ती हुआ था। वह व्यासपुर सब डिवीजन में तैनात हैं। संदीप कुमार ने बताया कि वह मारवा फीडर पर ट्रांसफार्मर ठीक करने और जम्पर लगाने गया था। इस जगह पर कपूरी-ज्ञानेवाला फीडर की क्रॉसिंग भी है। उसने बताया कि उसने तीनों फीडरों मारवा, कपूरी और ज्ञानेवाला का परमिट ले रखा था।

### निगम पर लापरवाही का लगाया आरोप

परमिट मिलने के बाद वे ट्रांसफार्मर पर चढ़ा ही था कि अचानक जोरदार करंट लग गया। करंट दाहिनी टांग, बाएं पैर की उंगलियों और कमर के पीछे हिस्से में लगा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका साथी प्रदीप कुमार उसे व्यासपुर सिविल अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई रैफर कर दिया। जहां उसका इलाज चल रहा है। संदीप कुमार ने मामले में निगम के कर्मचारी पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उसने बताया कि उसने तीनों फीडरों का परमिट ले रखा था फिर भी करंट लगा। यह किसी बिजली कर्मचारी की लापरवाही के कारण हुआ है। उधर, व्यासपुर पुलिस थाने के जांच अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## व्यक्ति को कमरे में बंद करके पीटने का आरोप, नाक की हड्डी टूटी

**यमुनानगर।** जगाधरी की इंद्रा कॉलोनी निवासी सिमरन ने आधा दर्जन लोगों पर उसके पति को कमरे में बंद करके पीटने का आरोप लगाया है। जिससे उसकी नाक की हड्डी टूट गई। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार सिमरन कौर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पति जसपाल अपने दोस्तों के साथ भटूरे खाने के लिए दुकान पर गया था। इसी दौरान सामने टेबल पर बैठी एक लड़की फोन पर किसी से बात कर रही थी। ऐसे में उसका पति भी फोन पर किसी से बात कर रहा था। इस दौरान उस युवती को लगा कि उसका पति उससे फोन नंबर मांग रहा है। युवती ने अपने घर फोन करके बताया कि दुकान पर उसके साथ एक व्यक्ति छेड़छाड़ कर रहा है। सूचना मिलते ही युवती के परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने उसके पति को एक कमरे में लेकर गए। जहां आरोपियों ने उसके पति को कमरे में बंद करके उसके साथ मारपीट की। जिससे उसके पति की नाक की हड्डी टूट गई। इसके साथ ही उसके पति के शरीर पर आठ जगह चोटें आई हैं। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी वहां से भाग गए। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंची। उसने अपने पति को अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी।

# आधुनिक मशीनों के प्रयोग से तरक्की करेगा टेक्सटाइल उद्योग : सिन्हा

## पानीपत में चल रहे 15वें एक्सपो में टेक्सटाइल उद्यमियों की भीड उमडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत में चल रहे 15वें एक्सपो में टेक्सटाइल उद्यमी उत्साह से भाग ले रहे है। एक्सपो के आयोजक राजेश सिन्हा ने बताया की बडी संख्या में व्यापारियों ने मशीनों धागों और एक्सेसरीज की वैरायटी देखी। वहीं, फैब लुक इंटरनेशनल दिल्ली से मोहित ने बताया की यह हमारी छोटी मशीन आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

उद्यमियों से अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। रोहन इंटरनेशनल पानीपत से रोहन ने बताया कि हमारे पास स्टिचिंग मशीन को भी उद्यमियों से अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। गुरनाज़ ओवरसीज से गुरनाज़ ने बताया कि सोफे पैनल, क्विल्ट कफोर्टेर्स, एम्बॉइडरी, क्विल्टिंग मशीन में उद्यमी इंटरेस्ट ले रहे है। ऑरेंज कंपनी से खुर्शीद आलम ने बताया कि हमारी डिजिटल प्रिंटिंग मशीन पोलिस्टर और कॉटन दोनों तरह के कपड़ो पर प्रिंटिंग में पूर्णता सक्षम है। आर्यन फायर पानीपत से हरीश आर्य ने बताया की हमारे अग्नि शमन यंत्र को उद्यमी अच्छा रिस्पांस दे रहे है। वहीं, इनसाइट कम्युनिकेशन मुंबई से अदिश अग्गरवाल ने प्रदर्शनी की सरहाना की।



पानीपत। पानीपत में चल रहे 15वें एक्सपो में मशीन को देखते टेक्सटाइल उद्यमी।

# नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- आरोपी युवक ने नाबालिग लड़की की नहाते हुई वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर किया था दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

थाना सदर यमुनानगर की पुलिस टीम ने 15 वर्षीय नाबालिग लड़की की नहाते हुई वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करने करने वाले आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार सदर यमुनानगर थाना प्रबंधक अजायब सिंह ने बताया कि एक नवंबर को थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने शिकायत दर्ज करवाई कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिक बेटी पिछले काफी समय से गुमसुम रहती थी। जब उसने उसकी परेशानी का कारण पूछा तो वह रोने लगी। उसकी बेटी रोते हुये बताया कि समीर जो कि उनके घर के पास ही किराये के मकान में अपने माता पिता के साथ रहता है। उसने उसकी नहाते हुए की चुपके से नग्न अवस्था में वीडियो बना ली थी और उसके बाद उसने उसकी अश्लील वीडियो दिखाकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। इसके बाद से समीर ने उसके साथ गलत काम किया। जब भी वह घर पर अकेली होती थी तो आरोपी डरा धमका कर उसके साथ गलत काम करता था। किसी को बताने पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकियां देता था। इस शिकायत पर थाना में आरोपी के खिलाफ पोक्सो सहित विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए महिला उप निरीक्षक मेनका के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। टीम ने कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश के जिला मुजफ्फरनगर के गांव पावती निवासी समीर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।



यमुनानगर। सदर थाना पुलिस टीम द्वारा पकड़ा गया आरोपी युवक।

- एसडीएम ने गीता जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित सेमीनार में छात्रों को किया संबोधित

# जीवन की सभी समस्याओं का हल श्रीमद्भगवदगीता में निहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

श्रीमद्भगवदगीता हमारा वैश्विक ग्रंथ है। श्रीमद्भगवदगीता हम सबके लिए है। यदि हम अपने कर्त्तव्य, दायित्व, ड्यूटी को समझ लें यह गीता का सार है। जीवन की सभी समस्याओं का हल श्रीमद्भगवदगीता में है। यह अभिव्यक्ति एसडीएम दर्शन कुमार ने शुक्रवार को जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में सोहन लाल डीएवी शिक्षण महाविद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय एक दिवसीय सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कहे। यहां पहुंचने पर कालेज के प्रधानाचार्य डॉ. पूजा व कॉलेज के स्टाफ ने मुख्य अतिथि के साथ-साथ वशिष्ठ अतिथि जीएस चोपडा को फूल-माला पहनाकर उनका भव्य अभिनंदन भी किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कॉलेज परिसर में प्रश्नोत्तरी के तहत चल रही प्रतियोगिता का भी अवलोकन किया और विद्यार्थियों को श्रीमदभगवदगीता की महत्वता बारे जानकारी दी। एसडीएम दर्शन कुमार ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने वर्षो पूर्व अर्जुन को जो गीता का उपदेश दिया था वह अब भी उतना ही सार्थक है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने भी श्रीमद्भगवदगीता को पढ़ा है उसका जीवन सफल हुआ है। श्रीमद्भगवदगीता जीवन की पूंजी है। गीता में जन्म से लेकर कर्म करने बारे भी बताया गया है। गीता जीवन का मूल आधार है। यह एक अदृश्य शक्ति है जो जीवन को महान बनाए रखने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने इस मौके पर विद्यार्थियों द्वारा गीता की महत्वता बारे जो विचार रखे उसकी भी प्रशंसा की। इस दौरान स्कूली विद्यार्थियों द्वारा प्रश्नोत्तरी के तहत जो प्रश्न पूछे गए उनका भी बेबाकी से उत्तर देने की प्रशंसा की।



अंबाला। कार्यक्रम में एसडीएम को दर्शन कुमार को सम्मानित करते हुए आयोजक।

### श्रीमद्भगवदगीता में यह भी लिखा है कि कर्म करो, फल की इच्छा मत करो

आयोजित सेमिनार में बीएड व एमएड. के विद्यार्थियों वंशिका व मृदुला के साथ-साथ अन्य विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। गीता की महत्वता बारे सभी को विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर साहा स्थित राजकीय कॉलेज से आए डॉ. सुखबीर सिंह ने उपस्थित विद्यार्थियों को श्रीमद्भगवदगीता एक पुस्तक मात्र नहीं है बल्कि वैश्विक ग्रंथ है। प्रदेश सरकार द्वारा गीता जयंती महोत्सव का पूरे प्रदेश में आयोजन करने तथा कुरूक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय गीता जयती महोत्सव का आयोजन किए जाने के लिए उन्होंने प्रशंसा की। उन्होंने इस मौके पर कहा कि गीता जयंती समारोह के तहत हमें यह संकल्प लेना है कि अपनी ड्यूटी तथा जो भी जिम्मेवारी मिली है उसका सही तरह से भली-भांति निर्वहन करना है। उन्होंने यह भी कहा कि श्रीमद्भगवदगीता में यह भी लिखा है कि कर्म करो, फल की इच्छा मत करो। यानि हमें अपने दायित्व का भली-भांति निहर्वन करना है। उन्होंने यहां पर महाभारत के युद्ध के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। श्लोकों के माध्यम से श्रीमद्भगवदगीता को जीवन में आत्मसात करने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवदगीता को हम अपने जीवन में धारण करके और उसके श्लोकों को आत्मसात करते हुए अपने जीवन को सुखद बना सकते हैं। इस अवसर पर कॉलेज की प्रधानाचार्य डा. पूजा ने मुख्य अतिथि के साथ-साथ उपस्थित सभी का धन्यवाद किया।

## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य जांच के साथ संविधान दिवस मनाया

**करनाल।** कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी कॉलेज फॉर वूमेन में को कॉलेज की यूथ रेड क्रॉस इकाई और हॉस्टल कमेटी ने मॉडिकेयर प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ के लिए स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया।

कैंप में 66 स्टाफ सदस्यों की बीएमआई, बीएमआर सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांचें की गईं।



### आठ दिसंबर को करनाल में महापड़ाव

**करनाल।** आशा वर्कर यूनियन ने घोषणा की है कि 8 दिसंबर को करनाल में राजीव गांधी विद्युत सदन के सामने जिला स्तरीय महापड़ाव आयोजित किया जाएगा।

इसी कड़ी में नीलोखेड़ी सरकारी अस्पताल में यूनियन की ब्लॉक प्रधान सीमा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई, जिसमें महापड़ाव की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि आशा वर्करों को केंद्र व राज्य सरकार से कुल 6,100 रुपये मानदेय मिलता है, जो परिवार चलाने के लिए अत्यंत अपर्याप्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि हड़ताल अवधि का भुगतान अभी तक नहीं किया गया।

### मैनेजर की संदिग्ध सड़क दुर्घटना में मौत

करनाल। सेक्टर 4 के पास देर रात एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार सोहन (40 वर्ष) को टक्कर मार दी। सोहन रायपुर का मूल निवासी था और सेक्टर 6 में रहता था। वह एक निजी अस्पताल में ओटी मैनेजर के पद पर कार्यरत था।

हादसा रात करीब 1 बजे हुआ, जब वह किसी कार्यक्रम से लौट रहा था। गंभीर चोट लगने पर उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### लेक्चरर सुषमा की सड़क दुर्घटना में मौत

**करनाल।** गोगड़ीपुर फ्लाईओवर चौक से ब्रह्मानंद चौक के बीच गुरुवार शाम एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार महिला लेक्चरर को टक्कर मार दी। हादसे में 43 वर्षीय सुषमा, निवासी मंगल कॉलोनी पार्ट–2, गंभीर रूप से घायल हो गईं और बाद में अस्पताल में उनकी मौत हो गई। सुषमा बडौता के सरकारी स्कूल में लेक्चरर थीं और रोजाना इसी मार्ग से घर आती थीं। दुर्घटना के बाद उनके पति, बेटा और परिवार के अन्य सदस्य गहरे सदमे में हैं।

### घरेलू तनाव में युवक ने निगला जहर, मौत

करनाल। मॉडल टाउन के कल्पना चावला पार्क में एक युवक ने घरेलू तनाव के चलते जहर खाकर जान दे दी। मृतक की पहचान साहिल, निवासी हांसी रोड गली नंबर 11 के रूप में हुई है। परिवार द्वारा गंभीर अवस्था में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## शहर में जगह-जगह नगर कीर्तन का किया पुष्पवर्षा से स्वागत

# सत श्री अकाल के जयकारों के बीच नगर में भव्य नगर कीर्तन निकाला

नगर कीर्तन बाबा सुखा सिंह कार सेवा वाले की देखरेख में सम्पन्न हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल के न्यू रामनगर स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब से गुरबाणी, शब्द गायन और 'बोले सो निहाल—सत श्री अकाल' के जयकारों के बीच भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन की अगुवाई पांच प्यारों ने की, जबकि संपूर्ण आयोजन बाबा सुखा सिंह कार सेवा वाले की देखरेख में सम्पन्न हुआ।

सुंदर पालकी साहिब को फूलों से सजाकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की छत्र-छाया में नगर कीर्तन प्रारंभ किया गया। जत्थेदार दविंदर सिंह काला और अध्यक्ष गुरनाम सिंह रामगढ़िया ने पंज प्यारों का सिरोपा से सम्मान किया।नगर कीर्तन में विभिन्न स्कूलों के बच्चे शामिल हुए, जिन्होंने पारंपरिक वेशभूषा में 40 मुक्तों, पीटी, शब्द गायन और गतका प्रदर्शन से संगत का मन मोह लिया। नगर कीर्तन की अगुवाई पांच प्यारों ने की, जबकि संपूर्ण आयोजन बाबा सुखा सिंह कार सेवा वाले की देखरेख में सम्पन्न हुआ। मार्ग में प्रेम नगर, न्यू प्रेम नगर, एकता कॉलोनी, खादी आश्रम गली, रामनगर बाजार होते हुए कीर्तन पुनः गुरुद्वारा साहिब में पहुंचे।



**करनाल।** पालकी साहिब का स्वागत करते हुए एवं संगत को सिरोपा भेंट करते हुए दृश्य।

### चाय, पकौड़े और लंगर के स्टॉल लगाए

रास्ते में सामाजिक संगठनों द्वारा चाय, पकौड़े और लंगर के स्टॉल लगाए गए। महिलाओं ने पालकी के आगे रास्ता साफ करने की सेवा की, जबकि यूथ सोसायटी के सदस्यों ने फूल बरसाए। पूर्व पार्षद भगवान अगी और पार्षद राजेश अगी ने भी नगर कीर्तन में पहुंचकर नमन किया। संगत को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रेसिडेंट गुरनाम सिंह रामगढिया ने बताया कि 30 नवंबर को सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक विशाल कीर्तन समागम आयोजित किया जाएगा, जिसमें देश भर से प्रसिद्ध रागी और ढाडी जत्थे पहुंचेंगे।नगर कीर्तन की अगुवाई पांच प्यारों ने की, जबकि संपूर्ण आयोजन बाबा सुखा सिंह कार सेवा वाले की देखरेख में सम्पन्न हुआ।

### शब्द गायन प्रतियोगिता 3 दिसंबर को



करनाल। गुरु तेग बहादुर एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा आयोजित अंतर-विद्यालय शब्द गायन प्रतियोगिता 3 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। यह कार्यक्रम गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल, मॉडल टाउन में सुबह 11 बजे प्रारंभ होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी एवं उद्योगपति राज कुमार तायल शिरकत करेंगे। ट्रस्ट के चेयरमैन प्रो. एस.एस. बरगोटा ने बताया कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में यह प्रतियोगिता करनाल के विभिन्न स्कूलों के लिए आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों को श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन, त्याग और आदर्शों से रूबरू कराना है, ताकि वे उनके मूल्यों को अपने जीवन में अपनाएं।



### मिशन बुनियाद का खंड स्तरीय जागरूकता शिविर लगाया

**करनाल।** राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल निसिंग में जिला शिक्षा अधिकारी ज्योत्सना मिश्रा के मार्गदर्शन में मिशन बुनियाद एवं हरियाणा सुपर-100 का पहला ब्लॉक स्तरीय सेमिनार सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला विज्ञान विशेषज्ञ दीपक वर्मा ने किया। सेमिनार में ब्लॉक के 32 विद्यालयों के लगभग 292 विद्यार्थी एवं शिक्षक शामिल हुए। प्रत्येक स्कूल से कक्षा 8वीं और 10वीं के तीन-तीन छात्रों ने सहभागिता की। दीपक वर्मा ने मिशन बुनियाद एवं सुपर-100 की पंजीकरण प्रक्रिया, परीक्षा तिथियों और लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मिशन बुनियाद के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 16 दिसंबर तक चलेगा, जबकि परीक्षा 24 दिसंबर को होगी। वहीं हरियाणा सुपर-100 के लिए पंजीकरण 9 फरवरी तक और परीक्षा 11 फरवरी को निर्धारित है। दोनों कार्यक्रमों में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।



### लोक अभियोजक अधिकारियों के प्रशिक्षण का समापन

करनाल। हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन में दो सप्ताह से चल रहा लोक अभियोजक अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम डॉ एस. राधाकृष्णन सम्मेलन कक्ष में सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में प्रदेशभर से आए 17 लोक अभियोजक अधिकारियों ने भाग लिया। समापन समारोह में कोर्स संयोजक बलजिंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक अकादमी तथा सह-संयोजक सुरेंद्र कुमार, उप जिला न्यायवादी अकादमी ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। अकादमी के निदेशक डॉ. अरशिंदर सिंह चावला ने प्रतिभागियों से संवाद किया और उन्हें आधुनिक न्याय प्रणाली की चुनौतियों पर दिशा-निर्देश दिए। सह-संयोजक सुरेंद्र कुमार ने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य लोक अभियोजकों को नवीनतम कानूनी प्रक्रियाओं, साइबर अपराध की जटिलताओं और डिजिटल साक्ष्य की सुरक्षित हैंडलिंग से अवगत कराना था। उन्होंने बताया कि आज अपराध केवल सड़कों पर नहीं बल्कि मोबाइल, सोशल मीडिया, क्लाउड और एनक्रिप्टेड प्लेटफॉर्म पर भी घटित होते हैं, इसलिए अभियोजकों को तकनीकी को समझना आवश्यक है।

## साम्भली में तीन दिवसीय क्रिकेट में खिलाड़ियों का शासनदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

साम्भली प्रीमियर लीग की ओर से गांव साम्भली में तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत धूमधाम से हुई। उद्घाटन सत्र में डीएवी कॉलेज करनाल के राजनीतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. बलराम शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। मंच पर पहुंचने पर लीग पदाधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। डॉ. शर्मा ने रिबन काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने संबोधन में कहा कि क्रिकेट केवल मनोरंजन का खेल नहीं है, बल्कि खिलाड़ियों के मानसिक एवं शारीरिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह खेल युवाओं में अनुशासन, एकता व टीमवर्क की भावना को मजबूत करता है।

उन्होंने आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन गांवों में प्रतिभाओं को सामने लाने में अहम भूमिका निभाते हैं। टूर्नामेंट में करनाल जिले की 32 टीमों ने हिस्सा लिया है। विजेता टीमों के लिए 51 हजार, 31 हजार और 21 हजार रुपए की पुरस्कार राशि घोषित की गई है। इस अवसर पर विनय शर्मा, मुकेश शर्मा, अजय कंबोज, रोहित कुमार, सनी राणा, अमन राणा, अमन पांचाल, हैप्पी, प्रेम, कुलदीप ठाकुर सहित सैकड़ों दर्शक मौजूद रहे।



### ठेकेदार मनोज पसरिचा के घर डकैतीमें तीन काबू

**करनाल** 24 नवंबर को सुभाष कालोनी में ठेकेदार मनोज पसरिचा के घर में हुई सनसनीखेज डकैती मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। पांच आरोपियों में से तीन को रिमांड पूरा होने पर जेल भेज दिया गया है, जबकि दो आरोपी राजीव और अभिषेक अभी पुलिस रिमांड पर हैं। पुलिस इन दोनों को मध्यप्रदेश, पंजाब, यूपी और राजस्थान ले जाएगी, जहाँ से इन्होंने हथियार खरीदे थे। पुलिस उन सप्लायरों को भी तलाश रही है, जिनसे इन बदमाशों को हथियार मिले थे। डकैती के बाद फरार हुए बदमाशों के पास मौजूद दो मोबाइलों के लोकेशन रिकॉर्ड, इंटरनेट हिट और कॉल डिटेल्स के आधार पर पुलिस ने चार घंटे में ही जीरकपुर से पांचों को गिरफ्तार कर लिया था। बदमाशों ने युवक के कंधे पर गोली मारकर की थी लूटपाट।

## करनाल में बरामद विस्फोटक का बड़ा सुराग एसटीएफ आरोपी को पंजाब ले जाएगी

- 30 वर्षीय अमर सिंह: ट्रिपल मर्डर से लेकर 10 बड़े अपराध तक अपराध की दुनिया का पुराना खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जीटी रोड पर झंझाड़ी के पास झाड़ियों से बरामद दो हैंड ग्रेनेड और एक आईईडी डिवाइस ने सुरक्षा एजेंसियों को पूरी तरह अलर्ट कर दिया है। जांच में अब एक बड़ा मोड़ आया है—एसटीएफ करनाल, गिरफ्तार गैंग्स्टर अमर सिंह उर्फ मुछ को पंजाब ले जाकर उस स्थान की पहचान करवाएगी, जहाँ से वह यह खतरनाक सामग्री उठाकर करनाल पहुंचा था। एसटीएफ के अधिकारियों के अनुसार, अमर सिंह द्वारा बताए गए कई बिंदुओं ने यह साफ कर दिया है कि विस्फोटक की तस्करी किसी छोटे अपराधी नेटवर्क का काम नहीं, बल्कि एक संगठित आपराधिक गठजोड़ का हिस्सा है। इस कारण एजेंसियाँ अब पूरा सप्लाई रूट, कूरियर चैन और गैंग के निर्देश देने वाले मास्टरमाइंड को टारगेट कर रही हैं।

### बीते 25 नवंबर को गन-पिस्टल के साथ पकड़े जाने पर खुला विस्फोटक का राज



इंद्री रोड पर 25 नवंबर को एसटीएफ ने मेरठ के सलावा निवासी अमर सिंह को विदेशी पिस्टल और पाँच जिंदा राउंड के साथ पकड़ा था। पूछताछ में आरोपी ने अचानक खुलासा किया कि उसने पंजाब से दो हैंड ग्रेनेड और एक आईईडी लाकर करनाल में छिपा रखी है। इसके बाद टीम ने बताए स्थान से पूरा विस्फोटक पैकेट बरामद किया, जिससे मामले को आतंकवाद-रोधी कोण से भी गंभीरता से देखा जाने लगा। उधार ली गई एंडेवर में घूमता था कार ने खोला नेटवर्क का बड़ा तार पूरी जांच में यह भी सामने आया कि अमर सिंह जिस एंडेवर कार में घूम रहा था, वह उसके दोस्त से ली गई थी और गुजरात रजिस्ट्रेशन की थी। अब पुलिस यह पता लगा रही है कि कार उपलब्ध कराने वाला दोस्त केवल 'सहयोगी' था या नेटवर्क का सक्रिय सदस्य।



### महापड़ाव के एलान से पहले सीटू ने सौंपा नोटिस

करनाल। सीटू जिला कमेटी करनाल ने 6, 7 और 8 दिसंबर को करनाल में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय महापड़ाव का औपचारिक नोटिस केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के प्रतिनिधि कविंद्र राणा को सेक्टर-12 स्थित उनके कार्यालय में सौंपा। इस मौके पर सीटू के प्रतिनिधि मंडल में जिला प्रधान बिजनेश राणा, सतपाल सैनी, ओ.पी. माटा, रूपा राणा, नीरू, सुदेश, शिमला और सेवा राम शामिल रहे। सतपाल सैनी, बिजनेश राणा और ओ.पी. माटा ने बताया कि हरियाणा के 9 जिलों के आंगनवाड़ी, आशा और मिड-डे-मील कर्मचारी 6 से 8 दिसंबर तक मंत्री कार्यालय के बाहर महापड़ाव करेंगे, क्योंकि केंद्र सरकार लंबे समय से परियोजना कर्मचारियों का आर्थिक व मानसिक शोषण कर रही है। उन्होंने कहा कि कई वर्षों से मानदेय में एक रूपया तक की वृद्धि नहीं की गई। न्यूनतम वेतन, नियमितीकरण और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दों पर भी सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

## नशा-मुक्ति कार्यक्रम में छात्राध्यापिकाओं ने प्रस्तुत की प्रभावशाली प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

डॉ गणेश दास डीएवी महिला शिक्षण महाविद्यालय, करनाल की बी.एड. छात्राध्यापिकाओं ने अपने शिक्षण-प्रशिक्षण के दौरान शहर के विभिन्न सरकारी व निजी विद्यालयों में नशा-मुक्ति विषय पर विस्तृत और प्रभावशाली पावर प्वाइंट प्रस्तुतियाँ दीं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से परिचित कराना और उन्हें इससे बचने के लिए व्यावहारिक मार्गदर्शन देना रहा। संयोजिका डॉ शालिनी देवगण के निर्देशन में राजकीय हाई स्कूल सेक्टर-13 में नशा-मुक्ति पीपीटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्राध्यापिकाओं ने नशे के प्रकारों, उनके शारीरिक, मानसिक व सामाजिक परिणामों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार नशा युवा पीढ़ी के उज्जवल भविष्य को अंधकारमय बना देता है और परिवारों व समाज में असुरक्षा बढ़ाता है। छात्राओं ने नशा-मुक्त जीवन अपनाने के लिए खेलकूद, सकारात्मक संगति और परिवार के साथ संवाद को सबसे प्रभावी उपाय बताया। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. राकेश संधु ने कहा कि इस तरह की शिक्षण गतिविधियाँ छात्राध्यापिकाओं में आत्मविश्वास और सामाजिक जिम्मेदारी दोनों को सशक्त करती हैं। उन्होंने सभी को बधाई देते हुए ऐसे प्रयास लगातार जारी रखने पर बल दिया।





### महात्मा फुले के विचारों पर हुआ चिंतन कार्यक्रम

**करनाल।** अंबेडकर भवन, सेक्टर-16 करनाल में 28 नवंबर को महात्मा ज्योतिबा फुले के निर्वाण दिवस पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अमर सिंह पातलान, अध्यक्ष अंबेडकर समाज कल्याण सभा करनाल ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में जयपुर स्थित साहित्य अकादमी के अध्यक्ष पूरण सिंह मोरिया उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने महात्मा फुले के सामाजिक सुधार, शिक्षा और समानता के सिद्धांतों पर विस्तार से चर्चा की। पूरण सिंह मोरिया ने घोषणा की कि आगामी 22 मार्च 2026 को कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय "चलो बुद्ध की ओर" समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर जी के पौत्र को आमंत्रित किया जाएगा। डॉ. अमर सिंह पातलान ने कहा कि अब समय है कि समाज जात-पात से ऊपर उठकर एकजुटता की दिशा में कदम बढ़ाए। कार्यक्रम में बीर सिंह नंबरदार, राजेश पांचाल, ओमप्रकाश जास्ट, ओमप्रकाश नागल, मुनीष भानखोर, रामेश्वर मेहरा, जोगिंदर तंवर, बलवंत सिंह आलान, श्याम लाल गुर्जर, माई चंद डोंकल आदि रहे।

## प्रकाश पब्लिक स्कूल ग्राउंड में गूंजेगा जोश और उत्साह, 1 को भव्य वार्षिक खेल उत्सव

हरिभूमि न्यूज़ करनाल

राजीव पुरम स्थित जैक एन जिल ग्लोबल द प्ले स्कूल (प्रकाश पब्लिक स्कूल) में 1 दिसंबर को होने वाला वार्षिक खेल उत्सव इस बार और भी अधिक भव्य एवं आकर्षक रहने वाला है। स्कूल प्रबंधन ने विशाल खेल मैदान में तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जाने-माने अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही एवं राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित इंस्पेक्टर रामलाल शिरकत करेंगे। प्राचार्या दिव्या चौधरी ने बताया कि इंस्पेक्टर रामलाल की उपस्थिति बच्चों में साहस, अनुशासन और चुनौतियों को स्वीकार करने की प्रेरणा जगाएगी। उन्होंने कहा कि पर्वतारोहण जैसे जोखिमपूर्ण क्षेत्र में रामलाल की उपलब्धियाँ विद्यार्थियों को नई दिशा देंगी। उन्होंने बताया कि इस भव्य खेल उत्सव में विशेष अतिथि के रूप में मिस्टर इंडिया मुकेश राणा और प्रसिद्ध आरजे रॉकी भी पहुंचेंगे। दोनों ही बच्चों के बीच संवाद कर उन्हें आत्मविश्वास, लक्ष्य चयन और मेहनत की महत्ता पर प्रेरित करेंगे। प्राचार्या ने बताया कि उत्सव विशेष रूप से उन विद्यार्थियों को मंच प्रदान करेगा।



### देशी नस्लों के संरक्षण का जीवंत उदाहरण बना तरावड़ी का डेयरी फार्म

## डेयरी फार्म बना ग्रामीण रोजगार का आदर्श मॉडल

- 500 साहीवाल गायों पर आधारित वैज्ञानिक मॉडल ने पेश की ग्रामीण स्वावलंबन की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

करनाल जिले के तरावड़ी क्षेत्र में एक ऐसा आधुनिक डेयरी फार्म विकसित किया गया है, जो न केवल देसी नस्लों के संरक्षण की मिसाल है, बल्कि वैज्ञानिक दुग्ध उत्पादन और ग्रामीण रोजगार का आदर्श मॉडल भी बन गया है। इस फार्म की विशेषता है कि यहाँ लगभग 500 शुद्ध साहीवाल गायों को अत्यंत व्यवस्थित व वैज्ञानिक ढंग से पाला जा रहा है। इस अनूठे डेयरी मॉडल की जानकारी डॉ. दलीप गोसाईं, पूर्व प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान एवं डेयरी प्रशिक्षण केंद्र, आईसीएआर–राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान (एन.डी.आर.आई.) ने एक शैक्षणिक भ्रमण के दौरान दी। उन्होंने बताया कि यह फार्म श्री राम सिंह और श्री नरेश, दो अनुभवी किसानों द्वारा संचालित किया जा रहा है, जिन्होंने एन.डी.आर.आई. के कई वैज्ञानिक प्रशिक्षणों में भाग लेकर आधुनिक पशुपालन की बारीकियाँ सीखी और उन्हें खेत-स्तर पर सफलतापूर्वक लागू किया। डॉ. गोसाईं ने फार्म का अवलोकन करते हुए बताया कि यहाँ पर हाथ से दुग्ध दोहन, मैस्टाइटिस नियंत्रण, स्वस्थ डेयरी शेड डिजाइन, प्राकृतिक चारे का उपयोग, और स्वच्छता प्रबंधन जैसे वैज्ञानिक पहलुओं को बेहतरीन तरीके से अपनाया गया है। उन्होंने बताया कि यहाँ से उत्पादित साहीवाल गाय का शुद्ध दूध करनाल और कुरुक्षेत्र में 80 प्रति लीटर के भाव पर बेचा जाता है, और यह फार्म लगभग 30 स्थानीय लोगों को स्थायी रोजगार भी प्रदान कर रहा है।





## खबर संक्षेप

### महात्मा फुले को श्रद्धांजलि दी

**पानीपत।** माता सीता रानी सेवा संस्था द्वारा संचालित हाली अपना स्कूल में शुक्रवार को प्रसिद्ध समाज सुधारक, शिक्षाविद् एवं आध्यात्मिक संत महात्मा ज्योतिबा फुले की 135वीं परिनिर्वाण दिवस उन्हें मेयर कोमल सैनी, स्कूल की समन्वयक कंचन द्विवेदी, समाजसेवी मधु यादव, रामभज सैनी, दिनेश सैनी, राममोहन राय, कंचन डावर आदि ने श्रद्धांजलि दी।

### राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी शुरू

**पानीपत।** पानीपत जिला में चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन तेरह दिसंबर को किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-कम-सचिव, डीएलएसए पानीपत वर्षा शर्मा ने बताया कि लोक अदालत में आपसी सहमति से कई प्रकार के विवाद, बैंक रिकवरी, बिजली-पानी बिल, मोटर दुर्घटना दावे, परिवारिक विवाद, चेक बाउंस, ट्रैफिक चालान समेत कई तरह के मामले तेजी से निपटाए जाते हैं।

### डाक घरों में आधार कार्ड बनेंगे

**पानीपत।** हरियाणा की जनता की सुविधा के लिए अब डाकघर में भी आधार कार्ड की सभी सुविधाएं शुरू कर दी गई है। आधार कार्ड को लेकर लोगों को काफी समस्या आ रही थी उनकी समस्याओं का समाधान के लिए उन्हें सीएससी सेंटर और निगम में जाना पड़ता था लेकिन अब यह सुविधा डाकघर में भी शुरू कर दी गई है। प्रवर अधीक्षक पंकज कुमार मीणा के दिशा-निर्देशों के चलते डाकघर में भी यह सुविधा शुरू कर दी गई है।

### गीता जयंती का शुभारंभ आज

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया बताया कि शनिवार को विधायक प्रमोद विज द्वारा गीता जयंती समारोह का शुभारंभ हवन व गीता पूजन के साथ किया जाएगा। जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई जाएगी। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसमें स्कूली बच्चों के अलावा लोक कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे।

### रोजगार मेले का आयोजन चार को

**पानीपत।** जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डॉ. किरण सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला पानीपत के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार प्रदान करने हेतु आजीविका मिशन के तहत जिला पानीपत में आर्य कॉलेज, पानीपत के प्रांगन में रोजगार मेले का आयोजन चार दिसंबर को करवाया जा रहा है।

### जजपा की रैली का न्योता दिया

**पानीपत।** सात दिसम्बर को जननायक जनता पार्टी की स्थापना दिवस पर जुलाना में होने वाली रैली को लेकर जेजेपी जिला अध्यक्ष रामनिवास पटवारी, कृष्ण चंदौली, अजय बिंझौल, महाबीर कश्यप ने पानीपत ग्रामीण हलके के गांव महराना, बिंझौल, डाहर और बुढ़शाम में पहुंचकर अपने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करके रैली का निमंत्रण दिया।

### किसानों को जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत के गांव कुराना में किसान गोष्ठी में जापानी तकनीक से तैयार पीआई का अवकीरा प्रयोग करने वाले किसान दंपति देवेन्द्र व किरण को जापान से आएं मुख्य अतिथि कूडो सैन और कावागुची सैन ने बाइक भेंट की। इस अवसर पर तुषार चुघ, कनक, अजय शर्मा, अभिषेक भट्ट, सोनू शर्मा, जसमेर, संदीप, डा. जसबीर जागलान, कुलदीप, रोशन, पाला, काला, सुमित, राजा, राजेश, राजेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

### श्रीदुर्गा चालीसा पाठ आज से

कुरुक्षेत्र। भगवती मानव कल्याण संगठन व पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम के संयुक्त तत्वधान में, धर्मसम्राट परमहंस योगीराज श्रीशक्तिपुत्र जी महाराज के संरक्षण, निर्देशन व आशीर्वाद से लाडया अनाज मंडी में समाज कल्याण हेतू 24 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ 29 नवंबर सुबह 11 बजे आरंभ होकर 30 नवंबर सुबह 11 बजे पूर्ण होगा।

## भाजपाइयों ने यात्रियों को स्वदेशी उत्पाद अपनाने को जागरूक किया

# स्वदेशी से ही भारत शक्तिशाली राष्ट्र बनेगा : नवीन भाटिया

■ भारत ने ही कृषि और देशी कुटीर उद्योगों के माध्यम से दुनिया को आत्मनिर्भरता का पाठ पढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** भाजपा नेता नवीन भाटिया व वेद पराशर आदि यात्रियों को स्वदेशी के प्रति जागरूक करते हुए। **फोटो : हरिभूमि**

पानीपत रेलवे स्टेशन पर जिला भाजपा की ओर से आत्मनिर्भर भारत रेल यात्री संपर्क अभियान के तहत स्वदेशी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं, आत्मनिर्भर भारत अभियान के जिला संयोजक व भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने कहा कि भारत सनातन राष्ट्र हैं और मानव सभ्यता का विकास भी भारत में ही सबसे पहले हुआ था। वहीं, भारत ने ही कृषि और देशी कुटीर उद्योगों के माध्यम से दुनिया को आत्मनिर्भरता का पाठ पढ़ाया। वदेशी से ही भारत शक्तिशाली राष्ट्र बनेगा। भारत में गुलामी के दिनों में अंग्रेजों ने बड़े उद्योगों के नाम पर भारत के छोटे कुटीर उद्योगों को समाप्त कर दिया और अपने देशों का बना बनाया मॉल लाकर यहां बेचना आरंभ किया ओर हद तो तब हो गई जब आजादी के बाद भी विदेशी मॉल का प्रचलन घटा नहीं ओर आजादी के 75 साल बाद भी उदारीकरण के नाम पर हमारे बाजारों में विदेशी वस्तु खुलेआम धड़ल्ले से बिक रहीं है। यदि भारत को वर्ष 2047 से पूर्व एक विकसित राष्ट्र बनाना है तो स्वदेशी वस्तुओं का इस्तेमाल अधिक से अधिक करना होगा। इधर, भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को सोने की चिड़िया व आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के लिए हर भारतीय को स्वदेशी को बढावा देना होगा। इस अवसर पर भाजपा नेत्री डॉ. अर्चना, चांद, विजय, मीना चौहान, पंडित वेद पराशर, भाजपा पदाधिकारियों ने स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए हजारों यात्रियों को जागरूक किया।

## आईबी कॉलेज में नशे के दुष्प्रभावों पर प्रदर्शनी आयोजित

# इंसान के लिए घातक है नशे की लत : डॉ. मलिक



**पानीपत।** आईबी कॉलेज की प्राचार्या डॉ शशि प्रभा मलिक, नशा विरोधी प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आईबी पीजी कॉलेज में युवा नशा विरोधी क्लब ने ड्रग्स एवं तंबाकू के दुष्प्रभावों पर जागरूकता प्रदर्शनी का आयोजन किया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने पोस्टर एवं स्लोगन के माध्यम से समाज में नशा मुक्ति का सशक्त संदेश प्रसारित किया। वहीं, प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुए प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने कहा कि नशा न केवल स्वास्थ्य को नष्ट करता है, बल्कि यह व्यक्ति को मानसिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से भी कमजोर बना देता है। समाज को एकजुट होकर युवाओं को नशे के जाल से बचाने के लिए प्रयास करना होगा, तभी एक स्वस्थ एवं सशक्त भारत का निर्माण संभव है। आज की यह प्रदर्शनी जन-जागरूकता आंदोलन की दिशा में एक सशक्त कदम है। यदि एक भी विद्यार्थी इस संदेश से प्रेरित होकर नशे से दूर रहता है, तो हमारा प्रयास सार्थक होगा। वहीं, प्रदर्शनी के संयोजक अजय पाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि नशा युवाओं की ऊर्जा, क्षमता और जीवन को नष्ट कर देता है। इस अवसर पर डॉ. शर्मिला यादव, डॉ. निर्मला, डॉ. नरवीर, राहुल कुमार, अजय कुमार, डॉ. सुनित शर्मा, डॉ. निधान सिंह, डॉ. विक्रम कुमार, पवन कुमार, अश्वनी, ममता, विष्णु कुमार विजय आदि उपस्थित रहे।

# जैन स्थानक में मुमुक्षु वैरागण सिद्धि का तिल्कोत्सव मनाया

## वैरागण बहन की जैन भागवती दीक्षा अगले वर्ष तेइस जनवरी को पंचकूला में होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** जैन स्थानक में मुमुक्षु वैरागण कुमारी सिद्धि जैन को आशीर्वाद देते जैन सभा के पदाधिकारी। **फोटो : हरिभूमि**

श्री एसएस जैन सभा, गांधी मंडी के तत्वावधान में जैन स्थानक में महासाध्वी श्री ज्ञानप्रभा, महासाध्वी श्री मधु, महासाध्वी श्री शक्ति प्रभा आदि ठाणे-14 के सानिध्य में मुमुक्षु वैरागण कु. सिद्धि जैन का तिल्कोत्सव मनाया गया। वैरागण बहन की जैन भागवती दीक्षा अगले वर्ष तेइस जनवरी को पंचकूला में होगी। इधर, साध्वी डॉ. अक्षिता ने धर्म की व्याख्या करते हुए फरमाया कि जो सहजता से किया जाए वह धर्म है, आत्मा के स्वभाव में रमन करना धर्म है। धर्म तभी हो पाता है जबकि अंतरात्मा का ज्ञान प्राप्त हो जाए। इस अवसर पर साध्वी श्री रक्षिता, मनीष जैन, जैन सभा महासचिव डॉ. ईश्वर जैन, साध्वी श्री नम्रता, संरक्षक डॉ. ए. पी. जैन, प्रधान जगदीश जैन, श्री साध्वी, श्री स्मृति, महावीर प्रसाद जैन, सुरेश जैन, विरेंद्र जैन, सुशील जैन, नरेंद्र जैन, विजेंद्र जैन, रामनिवास जैन, ओम प्रकाश जैन, मदन लाल जैन, आत्माराम जैन, सरोज जैन, किरण जैन, अंजलि आदि मौजूद रहे।

# हाईवे से हटाए जाएंगे कुत्ते व पशु : डॉ. पंकज



**पानीपत।** जिला सचिवालय में एडीसी डॉ. पंकज, अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए। **फोटो :हरिभूमि**

**पानीपत।** सुप्रीम कोर्ट के कड़े निर्देशों के बाद हरियाणा सरकार अब प्रदेश में आवारा कुत्तों और मवेशियों की समस्या पर व्यापक अभियान शुरू करने जा रही है। एडीसी डॉ. पंकज ने कहा कि शिक्षा विभाग, खेल विभाग, ट्रांसपोर्ट विभाग, पशु पालन विभाग और स्वास्थ्य विभाग को इस के संबंध में निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का ध्यान रखते हुए निर्दिष्ट फिडिंग पाईंट बनाए जाएंगे, जहां वॉलंटियर्स और पशु-कल्याण समूह व्यवस्थित रूप से भोजन कराएंगे। डॉ पंकज ने कहा कि एनएचएआई, पीडब्ल्यूडी रोड एंड ट्रांसपोर्ट विभाग एवं नगर निगम हाईवे, स्टेट हाईवे और एक्सप्रेस वे से सभी आवारा पशुओं को हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे पशुओं को चिन्हित कर सुरक्षित गौशालाओं/शेल्टर में ले जाकर भोजन, पानी और पशु-चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

## पानीपत प्रशासन व सूचना, जन संपर्क, भाषा विभाग ने गीता पर सेमिनार करवाया

# गीता के समान प्रेरणा परक अन्य कोई ग्रंथ नहीं : सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** गीता पर सेमिनार का दीप जला कर शुभारंभ करते हुए अतिथिगण।

जिला प्रशासन और सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग की ओर से गीता महोत्सव के तहत प्रथम दिन डॉ. एमकेके स्कूल, मॉडल टाऊन में गीता पर सेमिनार हुआ। वहीं, एसडीएम मनदीप कुमार ने सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि कहा कि गीता के साथ जीवन का सच जुड़ा है और यह जीवनशैली को दर्शाती है। गीता के प्रति श्रद्धा चाहिये। गीता के समान ऊंचा प्रेरणा परक कोई ग्रंथ नहीं है। वहीं, गीता विश्वविद्यालय से पहुंची डॉ. प्रेरणा डावर ने विद्यार्थियों को अपने सही कर्मो का निरंतर अभ्यास करने की बात कहते हुए कहा कि निराशा में पार निकालने वाला ग्रंथ ही गीता है। गीता हमें कर्म करने का संदेश देती है। आलस्य त्यागने का संदेश देती है। अकर्मनता को त्याग कर कर्म करने से जीवन स्वस्थ होता है। लोगों को गीता के उपदेशों को अपने आचरण में ढालना चाहिये। वहीं, अग्रवाल समाज पानीपत के अध्यक्ष विकास गोयल ने कहा कि गीता हमें निष्काम सेवा का संदेश देती है। इधर, शिक्षाविद्, महेन्द्र दीक्षित, राष्ट्रीय सैनी समाज के पानीपत के अध्यक्ष कंवर रविन्द्र सैनी ने कहा कि गीता सद्भावना का संदेश देती है।

## एथेनॉल प्लांट लगने से उद्योग, ऊर्जा, रोजगार को बढ़ावा मिलेगाः डॉ. शर्मा

# पानीपत शुगर मिल के 69वें गन्ना पेराई सत्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** पानीपत शुगर मिल की क्रेन में गन्ना डालते हुए अतिथिगण। **फोटो : हरिभूमि**

पानीपत सहकारी चीनी मिल के 69वें पिराई सत्र का शुभारंभ यज्ञ के साथ किया गया। वहीं, हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा के वर्चुअल संबोधन करते हुए कहा कि मिल के आधुनिकीकरण के बाद यह मिल हरियाणा की सबसे बड़ी और अत्याधुनिक मिल बन चुकी है। वहीं, मिल में नए 90 केएलपीडी एथेनॉल प्लांट से होने वाले लाभों पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि इस सत्र में 66 लाख क्विंटल गन्ना पिराई और 9.75 प्रतिशत रिकवरी का लक्ष्य रखा गया है, वहीं, गन्ने का राज्य परामर्श मूल्य बढ़ाकर 415 व 408 रूपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है, इससे किसानों की आय बढ़ेगी। इस अवसर पर उद्घाटन समारोह में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया, केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा, हरपाल ढांडा ने संयुक्त रूप से बटन दबाकर पिराई सत्र का शुभारंभ किया। वहीं, मिल क्षेत्र के 31,931 एकड़ में इस बार लगभग 95 लाख क्विंटल गन्ने का उत्पादन अपेक्षित है और मिल में प्रति दिन करीब 50 हजार क्विंटल गन्ने की पेराई की जाएगी। वहीं, कार्यक्रम में सिवाह के जय कुमार, संजय बुढ़शाम, उज्ज्वल, विजेंदर व सामाजिक कार्यकर्ता रंजीता कौशिक को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, धर्मपाल जागलान आदि उपस्थित रहे।

### चालकों को नशे के खिलाफ जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत पुलिस की टीम ने समालखा में टैक्सी स्टैंड पर ड्राइवरों व आमजन को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर जागरूक किया। पुलिस टीम ने नशे के दुष्प्रभावों और इससे होने वाले शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक नुकसान के बारे विस्तार से समझाया गया। नशा करने से व्यक्ति का स्वास्थ्य तो बिगड़ता ही है, साथ ही उसका सामाजिक जीवन और भविष्य भी प्रभावित होता है। वहीं, नशा मुक्त अभियान के जिला में नोडल अधिकारी डीएसपी नरेंद्र सिंह ने कहा कि नशा एक अभिशाप है। इस अभिशाप को जड़ से खत्म करने के लिए समाज के सभी लोगों को एकजुट होकर आवाज उठानी होगी। पुलिस टीम ने नागरिकों से अपील की है कि यदि उन्हें किसी प्रकार की नशीली दवाओं के व्यापार, तस्करी की जानकारी हो, तो वे सरकार द्वारा जारी किए नेशनल नारकोटिक्स मानस हेल्पलाइन 1933 पर तुरंत सूचित करें।

# अग्रवाल वैश्य समाज का 17वां स्थापना दिवस समारोह कल

**पिहोवा।** अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा अपने गौरवशाली इतिहास, संगठनात्मक एकता और सामाजिक उत्थान के लिए किए जा रहे सतत प्रयासों के साथ इस वर्ष अपना 17वां स्थापना दिवस समारोह भव्य रूप से मनाने जा रहा है। समाज के प्रदेशभर के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और सम्मानित वैश्य बंधुओं की उपस्थिति में यह समारोह 30 नवम्बर को प्रातः 10:30 बजे होटल ग्रेस कैथल में आयोजित होगा। समारोह की जानकारी देते हुए विकास गर्ग ने बताया कि इस वर्ष संगठन ने उन पदाधिकारियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है।

# कप्तान ने दीपक को स्टार लगा इंस्पेक्टर बनाया



**पानीपत।** पानीपत जिला पुलिस में तैनात सब इंस्पेक्टर दीपक को इंस्पेक्टर के पद पर पदोन्नति मिली है। वहीं, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने शुक्रवार को दीपक के कंधों पर स्टार लगाकर इंस्पेक्टर पदोन्नत कर शुभकामनाएं देते हुए कर्तव्य निष्ठा से काम करने के लिए प्रेरित किया। वहीं, एसपी सिंह ने कहा कि दीपक ने हमेशा अपनी ड्यूटी को पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निर्वाहन किया है। वहीं, अब दीपक की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ गई है, और उन्हें पूरा भरोसा है कि दीपक अपने कर्तव्यों का मेहनत के साथ निर्वाह करेगे।

### हीटर का अनुचित उपयोग कई गंभीर खतरों को जन्म दे रहा : डा. विनय

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र, कुरुक्षेत्र ने ब्रह्मसरोवर पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 में अपनी विज्ञान प्रदर्शनी के अंतर्गत सर्दियों में हीटर का सुरक्षित उपयोग विषय पर एक विशेष लोकप्रिय व्याख्यान का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. विनय गुप्ता, मॉनिटरिंग एंड इवैल्यूएशन ऑफिसर, मनोचिकित्सा विभाग, सिविल अस्पताल कैथल, हरियाणा, ने बताया कि हीटर का अनुचित उपयोग कई गंभीर खतरों को जन्म दे सकता है। उन्होंने कहा कि गलत तरीके से उपयोग किए गए हीटर से बंद कमरे में कार्बन मोनोऑक्साइड की अधिकता एवं ऑक्सीजन की कमी के कारण सांस घुटने का खतरा बढ़ जाता है। साथ ही इलेक्ट्रिक शॉर्ट सर्किट, त्वचा संबंधी समस्याएं और आग लगने जैसी घटनाएँ भी हो सकती हैं। इस बात पर जोर दिया कि हीटर उपयोग करते समय कमरे में पर्याप्त वेंटिलेशन होना अत्यंत आवश्यक है। हीटर को हमेशा ज्वलनशील वस्तुओं से दूर रखें और ऑटो-कट फीचर वाले हीटर का उपयोग प्राथमिकता से करें।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

सुशील कुमार मदान पुत्र श्री प्रहलाद भगत मदान पुत्र श्री रामदास निवासी मकान नम्बर 24/16, गुरूनानक पुरा, पानीपत
बनाम
जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि सुशील कुमार मदान पुत्र श्री प्रहलाद भगत मदान पुत्र श्री रामदास निवासी मकान नम्बर 24/16, गुरूनानक पुरा, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतु इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के दादा श्री रामदास पुत्र श्री लधा राम काफी अरसे पहले स्वर्गवास हो चुके है व प्रार्थी की दादी रामप्यारी धर्मपत्नी श्री रामदास काफी अरसे पहले स्वर्गवास हो चुकी है। प्रार्थी की परदादी भिरावा बाई काफी अरसे पहले स्वर्गवास हो चुकी है। मृतक स्वर्गीय श्री रामदास के देहान्त के बाद उनके निम्न वारिस है 1- तुलसी दास मदान पुत्र 2- देशराज मदान पुत्र 3- प्रहलाद भगत मदान पुत्र 4- प्रकाश देवी पुत्री है। उपरोक्त वारसान में से देशराज मदान पुत्र श्री रामदास का दिनांक 06-04-2025 को स्वर्गवास हो चुका है व कैलाश रानी धर्मपत्नी श्री देशराज मदान का दिनांक 19-03-2017 को स्वर्गवास हो चुका है मृतक स्वर्गीय श्री देशराज मदान के देहान्त के बाद उनके निम्न वारिस है 1-सुरेन्द्र मदान पुत्र 2- सरला मिगलानी पुत्री 3- संजना पुत्री है। उपरोक्त वारसान में से प्रहलाद भगत मदान पुत्र श्री रामदास का दिनांक 12-06-2024 को स्वर्गवास हो चुका है व राजरानी धर्मपत्नी श्री भगत मदान का दिनांक 12-05-2024 को स्वर्गवास हो चुका है। मृतक प्रहलाद भगत मदान के देहान्त के बाद उनके निम्न वारिस है 1-सुशील कुमार मदान पुत्र 2- अनिल कुमार पुत्र 3- दीपक मदान पुत्र 4- रोहित कुमार पुत्र 5- सोनिया पुत्री है। श्रीमती सांची तनेजा पार्षद वार्ड नम्बर 24 व सुनील पटवारी हलका द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में निम्न वारसान की तसदीक की गई है।

इनके इलावा मृतक का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 उपरोक्त कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 28.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-संयुक्त-सब रजिस्ट्रार, पानीपत

## कार्यक्रम — पीएचडीसीसीआई का पानीपत में वस्त्र उद्योग को लेकर चिंतन शिविर आयोजित

# टेक्निकल टेक्सटाइल को अपनाकर आगे बढ़ें उद्यमी

■ भारत ही नहीं विदेशों में भी टेक्निकल टेक्सटाइल की मांग बढ़ेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** पीएचडीसीसीआई के चिंतन शिविर का शुभारंभ करते अतिथिगण।

भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के अंतर्गत चल रहे नेशनल टेक्निकल टेक्सटाइल मिशन के निदेशक अशोक मल्होत्रा ने कहा है कि कपड़े तथा इससे जुड़े उद्योगों को आधुनिक तकनीक पर आधारित टेक्निकल टेक्सटाइल को अपनाकर अपने उद्योगों को अपग्रेड करना चाहिए क्योंकि आने वाला भविष्य में भारत ही नहीं विदेशों में भी टेक्निकल टेक्सटाइल की मांग बढ़ेगी। मल्होत्रा, पानीपत में पीएचडी चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित चिंतन शिविर को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एनटीटीएम के वर्कर, सुपरवाइजर तथा इंजीनियर को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस क्षेत्र में लगातार शोध हो रही है। जिसके लिए शिक्षण संस्थानों में 15 करोड़ रुपये की लागत तक लैब शुरू की जा रही हैं तथा शिक्षण संस्थानों में टेक्निकल टेक्सटाइल के पाठयक्रम शुरू करवाए जा रहे हैं। इसके अलावा स्टार्टअप को 50 लाख रुपये तक का अनुदान देकर बढ़ावा दिया जा रहा है। वहीं, ग्लोबल एलांइस फॉर टेक्सटाइल सस्टेनेबिलिटी काउंसिल के चेयरमैन पविंद्र सिंह, वस्त्र मंत्रालय की शोध संस्थान नार्दन इंडिया टेक्सटाइल रिसर्च एसोसिएशन के महानिदेशक डॉ.एमएस परमार, आईआईटी दिल्ली के प्रो.बिपिन कुमार के संयोजन में अटल सेंटर ऑफ टेक्सटाइल रीसाइक्लिंग एंड सस्टेनेबिलिटी को लांच किया गया। जबकि मेजर जनरल अशीम कोहली द्वारा नेशनल फ्लैग रीसाइक्लिंग अथवा रीसाइकल होने वाले राष्ट्रीय ध्वज को लांच किया गया। कार्यक्रम के दौरान अटल इन्क्यूबेशन सेंटर आईआईटी दिल्ली के सहयोग से टेक्सटाइल टेक इनोवेटर भी लांच किया गया।

## परिजनों ने मांगी माफी तोड़फोड़ का मामला सुलझा

हरभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नागरिक अस्पताल में ट्रॉमा सेंटर में 23 नवंबर को किशोर कर्तव्य की मौत के बाद परिजनों द्वारा तोड़फोड़ व डॉक्टरों को धमकाने का मामला सुलझ है। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से मामला एसपी तक पहुंचने के बाद तोड़फोड़ करने वाले परिजनों ने माफी मांगकर पीछा छुड़वाया है। डॉक्टर वंशिका से मृतक के परिजनों में शामिल महिलाओं व पुरुष ने हाथ जोड़कर व लिखित दोनों में माफी मांगी। बता दें कि 23 को बेसुध हालत में परिजन कर्तव्य को लेकर ट्रॉमा सेंटर में लेकर पहुंचे थे। डॉक्टर वंशिका ने प्राथमिक जांच के बाद मृत घोषित कर दिया था। इसके बाद ही एकजुट हुए परिजनों ने जमकर हंगामा किया था। यहां तक कि कंप्यूटर, प्रिंटर आदि सामान भी गिरा दिया था। ड्यूटी पर तैनात महिला डॉक्टर को भी धमकाया था। मामला बिगड़ते देखकर डॉक्टर ने ट्रामा सेंटर के आपातकालीन द्वार से भागकर खुद को सुरक्षित किया था। हालांकि बाद में बलदेव नगर थाना पुलिस ने मामले को शांत करवा दिया था। फंदा लगा आत्महत्या करने वाले किशोर का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया था। मामला डॉक्टर की सुरक्षा से जुड़ा होने से अस्पताल प्रबंधन ने संज्ञान लेते एसपी को मामले की शिकायत दे कार्रवाई की मांग की।

### मंत्री विज की फटकार के बाद पुलिस ने की कड़ी कार्रवाई

# युवती का पीछा करने वाले आरोपितों के सिर मुंडवाए, सरे बाजार करवाई परेड

- युवती ने पीछा करने के साथ ही आरोपितों पर परिजनों से मारपीट के लगाए थे आरोप

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| अंबाला




अंबाला । बाजार में सिर मुंडवाकर आरोपियों की परेड करवाती पुलिस।

मंत्री अनिल विज की फटकार के बाद पुलिस शुक्रवार को हरकत में दिखी। युवती का पीछा करने और उसके परिवार के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की बाजार के बीच सिर मुंडवा कर परेड कराई। इस दौरान आरोपी कान पकड़कर माफी मांगते रहे। आरोपियों ने कहा कि आगे से किसी लड़की की तरफ नहीं देखेंगे। पुलिस के मुताबिक मामले में मुख्य आरोपी मुकुल, लव, संदीप, शुभम और राहुल को पकड़ा है। इनमें से मुकुल हिस्ट्रीशीटर रहा है। इसके खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज है। बता दें कि बुधवार को अंबाला कैंट हाउसिंग बोर्ड की रहने वाली युवती कोचिंग सेंटर से घर लौट रही थी। तभी दो युवक लगातार उसका पीछा करने लगे। उन्होंने गाली-गलौज भी की। परेशान होकर लड़की ने माता-पिता को फोन कर मौके पर बुला लिया। रामबाग ग्राउंड के पास युवती के परिजन पहुंच गए। इस दौरान युवकों ने भी अपने साथी बुला लिए। जिसके बाद परिजनों ने पुलिस को फोन किया। लेकिन जब तक पुलिस पहुंचती तब तक उन्होंने परिजनों के साथ मारपीट कर दी और वहां से फरार हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल ले जाकर मेडिकल कराया। मेडिकल के दौरान युवक वहां पहुंच गए और परिजनों को धमका कर चले गए। परिवार ने बताया कि मामले में शिकायत तो दर्ज हुई लेकिन पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। तब परिजनों ने मंत्री अनिल विज को मामले से अवगत करवाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए विज ने तुरंत अंबाला कैंट थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह को तलब किया। एसएचओ के पहुंचते ही मंत्री ने नाराजगी जताई और साफ शब्दों में कहा कि अगर लड़कियां अपने ही शहर में सुरक्षित नहीं हैं तो यह पूरे सिस्टम की नाकामी है। उन्होंने कहा कि लड़कियां शहर में आ-जा न सकें, ऐसा मैं अपने शहर में नहीं होने दूंगा। यह मेरे और तुम्हारे लिए मरने जैसा है। विज ने एसएचओ को कड़े शब्दों में निर्देश दिए कि जिन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज है उन्हें तुरंत गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया जाए। मंत्री की फटकार के बाद पुलिस ने तेजी दिखाते कुल 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों पर युवती का पीछा करने, घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने जैसे आरोप हैं।

#### पैदल बाजार से होते कोर्ट लेकर गए

*ने शुक्रवार को आरोपियों की सरेआम बाजार में परेड करवाई। पुलिस टीम आरोपियों को पैदल ही बाजार से होते हुए अदालत लेकर गई। इस दौरान स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए*



अंबाला। शिव कथा के समापन पर आरती करते श्रद्धालु।

## पिनाकधारी शिव के यथार्थ तत्व को कोई नहीं जान पाया

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| अंबाला

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा अंबाला छावनी के श्री पंचदेव मंदिर में चल रही भगवान शिव कथा के चौथे दिन दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी सतप्रेमा भारती ने कहा कि शिवत्व एक गूढ़ तत्व है। महाकवि कालीदास के शब्दों में न संति यथाथ्र्यविदः पिनाकिनः अर्थात पिनाकधारी शिव के यथार्थ तत्व को कोई नहीं जान पाया। पर जैसा कि कहा गया है कि -तुमरी लीला तुम ही जानो, और न जाने कोए। इसलिए शिव तत्व को साक्षात शिव ही समझा सकते हैं। वे ही बार-बार प्रकट होकर अपने इस दुर्लभ तत्व को सुलभ करते हैं। उसका यह साकार स्वरूप ही गुरू नाम से अभिवंदित होता है। अतः जब शिव शंकर स्वंय ही गुरू बनकर देहाकार में अवतरित होते हैं तब वही अपने शिवत्व का रहस्योदघाटन कर सकते हैं इससे यह भी सिद्व होता है कि शिवत्व का ज्ञान कराने वाले गुरू साक्षात शिव रूप ही हैं। तभी तंत्रज्ञान में गुरू शबद के एक-एक वर्ण की इस प्रकार की गई-गकार माने ज्ञान, रेक माने तत्वज्ञान और उकार माने शंभु, अर्थात वह शंभु रूप कल्याणकारी सता जो ब्रह्लज्ञान देकर शिवत्व को प्रकाशित करती है। साध्वी ने कहा कि बहूत संभव है कि आपको गुरू और शिव की इस समानता को स्वीकार करने में कुछ कठिनाई हो। परन्तु ऐसे में आप स्वंय अपने अराध्य महादेव शिव के उद्रगारों का स्मरण कीजिए।भगवान शिव स्वंय नमस्कार करते हैं। जैसे भगवान शिव ने गणेश जी का सर काट कर गज का शीश लगाया था। सद्गुरू भी ज्ञान खडग़ द्वारा इस जड़बुद्वि का उच्छेदन कर डालते हैं। उसके स्थान पर विवेक बुद्वि का अभिषेक कर साधक को भी जगत वंदनीय बना देते हैं।

# बनौंदी शुगर मिल ने शुरू किया किसानों का बकाया भुगतान

- वर्तमान तक 1 करोड़ 63 लाख रुपये की राशि जारी की जा चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर



शहजादपुर। शुगर मिल का बाहरी दृश्य।

शुगर मिल की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) कम एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर शिवजीत भारती ने बताया कि बनौंदी शुगर मिल द्वारा गन्ना सीजन 2024-25 की बकाया राशि का भुगतान 25 नवंबर 2025 से प्रारंभ कर दिया गया है। वर्तमान तक 1 करोड़ 63 लाख रुपये की राशि किसानों को जारी की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि किसानों के हित सरकार एवं प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं और इसी उद्देश्य से भुगतान प्रक्रिया तेजी से जारी है। शेष बकाया राशि को भी बहुत जल्द पूर्ण कर दिया जाएगा तथा उसके तुरंत बाद नई भुगतान प्रक्रिया भी समयबद्ध तरीके से आरम्भ कर दी जाएगी। एसडीएम ने कहा कि शुगर मिल केवल एक औद्योगिक इकाई नहीं, बल्कि क्षेत्र की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसानों का विश्वास ही इसकी सबसे बड़ी पूंजी है। इसीलिए मिल प्रशासन किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। अब तक 1 करोड़ 63 लाख रुपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है और शेष भुगतान भी जल्द ही पूर्ण कर दिया जाएगा।

#### निरंतर चलेगी भुगतान प्रक्रिया

उन्होंने किसानों से अनुरोध किया है कि गन्ने की अधिकतम और नियमित आपूर्ति मिल में पहुंचाएं। जब मिल अधिक मात्रा में गन्ने का क्रशिंग करेगी तभी उत्पादन क्षमता बढ़ेगी, जिससे न केवल मिल सुचारू और निरंतर चलेगी बल्कि भुगतान प्रक्रिया भी तेजी से आगे बढ़ेगी। मिल का सुचारू संचालन तभी संभव है जब किसान सहयोगपूर्वक समय पर और निरंतर गन्ने की आपूर्ति करते रहें। आपका सहयोग मिल, किसानों और क्षेत्र की आर्थिक प्रगति तीनों के हित में है।

### वार्षिक स्पोर्ट्स डे धूमधाम से मनाया

## शॉट-पुट और नींबू-चम्मच दौड़ प्रमुख आकर्षण रहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

अकाल अकादमी होली में वार्षिक स्पोर्ट्स डे बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान छात्रों में खेल भावना और ऊर्जा का अद्भुत जोश देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह एक छोटी सभा और वार्म-अप सत्र से हुई। इसके बाद विभिन्न कक्षाओं के छात्रों के लिए कई रोचक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इनमें सरल दौड़, बैग-पैकिंग रेस, बैलून रेस, बुक रेस, लंबी कूद, शॉट-पुट और नींबू-चम्मच दौड़ प्रमुख आकर्षण रहीं। सरल दौड़ और नींबू-चम्मच दौड़ ने दर्शकों में रोमांच और उत्साह भर दिया। बैग-पैकिंग रेस और बुक रेस जैसी गतिविधियों ने छात्रों की गति, फुर्ती और संतुलन की परीक्षा ली, वहीं बैलून रेस ने कार्यक्रम में मनोरंजक माहौल बनाया। लंबी कूद और शॉट-पुट जैसी फील्ड स्पर्धाओं में छात्रों ने अपनी ताकत, सहनशक्ति और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।




बराड़ा। खेल में भाग लेने वाले खिलाड़ी।

## शिष्टाचार जीवन के हर पहलू सामाजिक शैक्षिक के लिए सफलता की कुंजी

- लार्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया में कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



बराड़ा । कार्यशाला में भाग लेने वाले प्रतिभागी।

लार्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया में "शिष्टाचार क्यों है जीवन की पहचान" विषय पर प्रेरक क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. एनएस मावी, प्रोफेसर एवं पूर्व प्राचार्या अमीशा सिंह आईटीटीआर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रितु चांदना, ड़ॉ, प्रोफेसर डॉ. रितु कामरा कुमार, ब्रह्माकुमारी सविता, ब्रह्माकुमारी चेतना, कॉलेज अध्यक्ष राजकुमार सांगवान, सचिव रमेश सांगवान तथा प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान कार्यशाला के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यशाला को उद्‌घाटन, आधार व्याख्यान, तकनीकी एवं समापन इन चार महत्वपूर्ण सत्रों में विभाजित किया गया। प्रो. एनएस मावी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि शिष्टाचार जीवन के हर पहलू सामाजिक, शैक्षिक और व्यावसायिक के लिए सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि एटिकेट न केवल व्यक्तित्व को निखारता है, बल्कि समाज में व्यक्ति की पहचान और स्वीकार्यता को भी मजबूत करता है। विशिष्ट अतिथि प्रो. अमीशा सिंह ने प्रोफेशनल एटिकेट, संचार कौशल और व्यवहारिक संवेदनशीलता को युवा पीढ़ी के लिए अनिवार्य गुण बताया। डॉ. रितु चांदना ने शैक्षिक वातावरण में शालीनता, सौहार्द और परस्पर सम्मान को मूलभूत मूल्य के रूप में रेखांकित किया।

### खबर संक्षेप

#### धोखाधड़ी का आरोपी जांच में शामिल

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी राजेश कुमार को शामिल जांच किया है। परिवादी रविंद्र सिंह ने 11 जुलाई को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 27 जून से 13 अगस्त 2023 के दौरान आरोपी राजेश कुमार व अन्य ने उससे एक बड़ी रकम हड़पने का आपराधिक कार्य किया है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

#### कबूतरबाजी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में पुलिस ने आरोपी कप्तान सिंह उर्फ ताना को गिरफ्तार किया है। उसे तीन दिन के रिमांड पर लिया गया ह। मुंडे माजरा के निखिल ने 19 मार्च 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 6 दिसंबर 2022 से 23 जून 2024 के दौरान आरोपी कप्तान सिंह व अन्य ने उसे विदेश भेजने के केस में उससे बड़ी रकम हड़पने की धोखाधडी का आपराधिक कार्य किया है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

#### गीता जयंती महोत्सव की सभी तैयारियां पूरी

**अंबाला ।** एसडीएम दर्शन कुमार ने बताया कि जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव का आयोजन 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक रामबाग मैदान शिव मंदिर अंबाला शहर में किया जाएगा। 29 को प्रातः हवन यज्ञ के साथ गीता जयंती महोत्सव का आगाज होगा।

## दस शिक्षकों को मिली सीनियर प्रोफेसर पद पर पदोन्नति

- कमेटी रूम में कार्यकारी परिषद की 288वीं बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में शुक्रवार को कमेटी रूम में कार्यकारी परिषद की 288वीं बैठक आयोजित हुई, जिसमें 22 महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कर शैक्षणिक एवं प्रशासनिक निर्णय लिए गए। बैठक में पिछली कार्यकारी परिषद की कार्यवाही की पुष्टि की गई तथा उस पर हुई कार्यवाही की समीक्षा की गई। बैठक में विभिन्न शिक्षण विभागों और संस्थानों के शिक्षकों की पदोन्नति के लिए आयोजित चयन समितियों की बैठकों में कई शिक्षकों के नामों पर विचार किया गया। बैठक में सीनियर प्रोफेसर, प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर के पदों पर शिक्षकों की पदोन्नति को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में कॉमर्स विभाग की प्रोफेसर नीलम रानी, गणित विभाग के प्रोफेसर विनोद कुमार, भूगोल विभाग के प्रोफेसर एस.पी.कौशिक, केमिस्ट्री विभाग की प्रोफेसर नीरा राघव, कम्प्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन विभाग के प्रोफेसर राकेश कुमार, जियोफिजिक्स विभाग के प्रोफेसर भगवान सिंह चौधरी, यूएसएम की प्रोफेसर निर्मला चौधरी, अंग्रेजी विभाग की प्रोफेसर सुनीता सिरोहा, लाइब्रेरी साइंस विभाग के प्रोफेसर दिनेश कुमार तथा भूगोल विभाग की प्रोफेसर डॉ. राजेश्वरी को सीएएस के तहत सीनियर प्रोफेसर पद पर पदोन्नति की मंजूरी प्रदान की गई।

#### स्थापना समिति की सिफारिशों को स्वीकृति

इसके साथ ही कामर्स विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रश्मि चौधरी तथा आईआईएचएस के अंग्रेजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर वीरेन्द्र पाल को सीएएस के तहत प्रोफेसर पद पर पदोन्नत करने की मंजूरी प्रदान की गई। वहीं संगीत एवं नृत्य विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. आरती श्योकंद व टूरिज्म विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. दिनेश कुमार को सीएएस के तहत एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर पदोन्नत करने की मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में उप अधीक्षकों के पदोन्नति मामलों पर स्थापना समिति की सिफारिशों को स्वीकृति दी गई।

### अवैध हथियार सहित आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** पुलिस ने आरोपी को अवैध हथियार देसी कट्टा 315 बोर व जिंदा रौंद सहित काबू किया है। आरोपी की पहचान आदित्य निवासी रेल विहार के तौर पर हुई है। इस मामले में सीआईए-1 निरीक्षक हरजिंद्र सिंह ने बताया कि 27 नवंबर को सूचना मिली थी कि आरोपी के पास अवैध हथियार है जो किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। आरोपी थाना पड़ाव क्षेत्र एनएच-44 गांव मोहड़ा फ्लाई ओवर के नीचे खड़ा है।तब पुलि ने आरोपी को काबू कर उसके कब्जे से अवैध हथियार जब्त किया।

### एसएचओ कैंट को कारण बताओ नोटिस

**अंबाला।** अंबाला छावनी थाने के एसएचओ सुरेंद्र सिंह को अब राय मार्केट में एक दुकान के सामने रखे सामान को लात मारकर गिराने और रैक तोड़ने के मामले में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में एसएचओ से सात दिनों के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई थी, जिसके बाद मामला चर्चा में आया। घटना 24 नवंबर दोपहर करीब डेढ़ बजे की बताई जा रही है। राय मार्केट में ईशान इन्वर्टर बैटरी की दुकान चलाने वाले 70 वर्षीय दुकानदार विजय सभ्रवाल दुकान में आराम कर रहे थे। तभी एसएचओ दुकान के सामने पहुंचे। फुटेज में नजर आता है कि एसएचओ ने दुकान के अंदर झांक कर देखा और बाहर रखे रैक को लात मारकर हिला दिया। फिर दोबारा हाथ से रैक को गिरा दिया। इस दौरान बैटरी के पानी की बोतलें गिर गईं और रैक टूट गया। उसी समय दुकान के बगल में मौजूद एक युवक ने दुकानदार को आकर बताया कि एसएचओ ने आपका सामान गिरा दिया है। जब विजय सभ्रवाल ने उठकर देखा, तब एसएचओ जा चुके थे। घटनास्थल की पूरी फुटेज बाद में सामने आई और सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी। अब एसपी अजीत सिंह शेखावत ने मामले में त्वरित संज्ञान लिया।

## गीता श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में महाराणा प्रताप स्कूल अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। गीता श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में प्रस्तुति देते हुए विद्यार्थी।

भगवान श्री कृष्ण के श्री मुख से उत्पन्न हुई पावन श्री गीता के जन्मोत्सव अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव 2025 के अवसर पर युवाओं तथा विद्यार्थियों में गीता के प्रति जागरुकता लाने के लिए पिछले करीब तीन दशक से श्री जयराम विद्यापीठ में गीता पर आधारित विभिन्न वर्ग की प्रदेश स्तरीय सांस्कृतिक एवं कला प्रतियोगिताओं में हजारों विद्यार्थी भाग लेते हैं।

इसी कड़ी में विद्यापीठ परिसर में प्रतियोगिताओं के तीसरे दिन श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी के सान्निध्य में गीता श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। श्री जयराम संस्थाओं के मीडिया प्रभारी राजेश सिंगला ने बताया कि गीता श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में प्रदेशभर से करीब 50 से अधिक टीमों ने भाग लिया। गीता श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में डा. जितेन्द्र आचार्य एवं डा. विभा अग्रवाल ने जिम्मेवारी निभाई। इस मौके पर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले नन्हें बच्चों ने इतनी कुशलता से शुद्ध संस्कृत श्लोक उच्चारण किया कि बड़े बड़े विद्वान भी दंग रह गए। गीता श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल सैक्टर 7 एवं पार्थ पब्लिक स्कूल घरौंडा करनाल की टीमें प्रथम रही।

**कार्यक्रम** एमडीएसडी कॉलेज में एनडीएलआई क्लब के सौजन्य से वैश्विक कार्यक्रम

## वैश्विक पहल विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक

समाप्ति के बाद योग्य प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र उपलब्ध करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। कार्यक्रम से जुड़े पहलुओं की जानकारी देती डॉ. कौशल चौहान।

एनडीएलआई क्लब द्वारा राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय एवं व्हील्स ग्लोबल फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित वैश्विक कार्यक्रम स्टोर एज मेथड में एमडीएसडी कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस वैश्विक आयोजन के मुख्य वक्ता जनार्दन घोष रहे जो एक ख्याति प्राप्त स्टोरी टेलर, स्कॉलर एवं प्रफ़ॉर्मर हैं। वे राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता भी हैं। कई अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से जुड़े रहे हैं। कार्यक्रम की होस्ट मनाली चौधरी सेनगुप्ता, सीनियर आउटरीच मैनेजर, एनडीएलआई और मॉडरेटर की भूमिका सुजाता रॉय ने निभाई। कार्यक्रम से संबंधित सभी महत्वपूर्ण निर्देश—पोर्टल लॉगिन, इवेंट चयन, पात्रता जांच, सहभागिता की प्रक्रिया तथा प्रमाणपत्र डाउनलोड करने की विधि—कॉलेज की लाइब्रेरियन एवं एनडीएलआई क्लब की अध्यक्ष डॉ. कौशल चौहान द्वारा विद्यार्थियों को प्रदान किए गए। निर्देशों का पालन करते हुए छात्रों ने क्लब पोर्टल में लॉगिन कर ग्लोबल इवेंटः स्टोर एज मेथड़ को चुना, पात्रता जांच पूरी की और यूट्यूब लाइव सत्र में सहभागिता की। कार्यक्रम समाप्ति के बाद योग्य प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र उपलब्ध कराया गया। कॉलेज की कार्यकारी प्राचार्या डॉ. सीमा सिंघल ने इस वैश्विक पहल को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक बताया और छात्रों के सक्रिय सहभागिता की सराहना की। कॉलेज के अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल तथा अनित बिंदल ने भी इस पहल को सराहनीय बताते हुए क्लब द्वारा किए गए समन्वित प्रयासों की प्रशंसा की।